# रक्षाबंधन पर्व पर शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने पुलिस बल द्वारा लगातार क्षेत्र में भ्रमण, सम्पन्न

## महिला सुरक्षा मिशन शक्ति/एण्टीरोमियो टीम प्रत्येक चौराहों, भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर रही मुस्तैद

(पब्लिक एशिया ब्यूरो)।

**बलरामपुर।** रक्षाबंधन के पावन पर्व को जनपद में सकुशल, शांतिपूर्ण एवं भाईचारे के साथ सम्पन्न कराने हेतु पुलिस अधीक्षक मार्तण्ड प्रकाश सिंह के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय के पर्यवेक्षण में जनपदीय पुलिस द्वारा व्यापक सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं।

पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारीगण एवं थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने सर्किल/थाना क्षेत्रों में भारी पुलिस बल, महिला पुलिस एवं यातायात पुलिस के साथ लगातार भ्रमणशील रहकर त्योहार को सकुशल सम्पन्न कराया जा रहा है।



जनपद के मुख्य बाजारों, राखी की दुकानों, मिष्ठान भंडारों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन तथा भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है।

महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षा के दृष्टिगत सादे वस्त्रों में एंटी रोमियो टीम, मिशन शक्ति टीम एवं महिला बीट पुलिस को सक्रिय रूप से भ्रमणशील रखा गया है।

संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों तथा सर्राफा बाजारों के आस-पास विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।

यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने हेतु प्रमुख चौराहों पर यातायात पुलिस द्वारा अतिक्रमण हटवाया जा रहा है एवं अनावश्यक जाम की स्थिति नहीं बनने दी जा रही है।

सोशल मीडिया सेल द्वारा सोशल मीडिया पर सतत निगरानी रखी जा रही है, अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी वैधानिक कार्यवाही की चेतावनी दी गई है।

पुलिस अधीक्षक ने जनपदवासियों को रक्षाबंधन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए अपील की है कि त्यौहार को शांतिपूर्ण ढंग से मनाएं, किसी भी संदिग्ध व्यक्ति/वस्तु अथवा घटना की सूचना तत्काल डायल-112 या संबंधित थाना पुलिस को दें। जनपद में शांति एवं कानून-व्यवस्था बिगाड़ने वालों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी।